MINISTÈRE
DE L'EUROPE
ET DES AFFAIRES
ÉTRANGÈRES
*Liberté*
*Égalité*
*Fraternité*

DIRECTION DES RESSOURCES HUMAINES
———
SOUS-DIRECTION DE L'ATTRACTIVITÉ ET DES RECRUTEMENTS
———
Bureau des concours et examens professionnels

# Concours externe et interne pour l'accès à l'emploi de secrétaire des affaires étrangères (cadre d'Orient) au titre de l'année 2025

## Épreuve écrite d'admissibilité

26 septembre 2024

## Hindi

Durée totale de l'épreuve : 3 heures – coefficient 2
*Toute note inférieure à 10 sur 20 est éliminatoire.*
***Barème** : composition en hindi 12 points ; traduction en français 8 points.*
Dictionnaire autorisé

## Composition

Composition en hindi à partir d'une question rédigée dans cette même langue, liée à l'actualité
**(350 mots avec une tolérance de plus ou moins 10%)**

### Sujet

भारत और उसके पासवाले पड़ोसियों के संबधों में चुनौतियाँ।

MINISTÈRE
DE L'EUROPE
ET DES AFFAIRES
ÉTRANGÈRES
*Liberté*
*Égalité*
*Fraternité*

DIRECTION DES RESSOURCES HUMAINES
———
SOUS-DIRECTION DE L'ATTRACTIVITÉ ET DES RECRUTEMENTS
———
Bureau des concours et examens professionnels

# Concours externe et interne pour l'accès à l'emploi de secrétaire des affaires étrangères (cadre d'Orient) au titre de l'année 2025

**Épreuve écrite d'admissibilité**

26 septembre 2024

## Hindi

Durée totale de l'épreuve : 3 heures – coefficient 2
*Toute note inférieure à 10 sur 20 est éliminatoire.*
***Barème*** *: composition en hindi 12 points ; traduction en français 8 points.*
Dictionnaire autorisé

### Traduction

Traduction en français d'un texte rédigé en hindi

**Texte au verso**

## मुंबई में पानी बर्बाद करने वालों की अब खैर नहीं, जानें BMC[1] बनाने जा रही क्या पॉलिसी

मुंबई में पहले से ही बीएमसी पानी कटौती कर रही है। ऐसे में बीएमसी से ठाणे मनपा[2] को मिलने वाले पानी की आपूर्ति पर असर पड़ा है। ठाणे शहर के जिस परिसर में बीएमसी से मिलने वाले पानी की सप्लाई होती है, वहां भी पानी कटौती लागू है। अब पानी बर्बाद करने को लेकर बीएमसी सख्त हो गई है।

**मुंबई:** पानी की कटौती से जूझ रहे मुंबईकरों को पानी की बर्बादी महंगी पड़ सकती है। बीएमसी अब पानी बर्बाद करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के लिए पॉलिसी बनाएगी। यह पॉलिसी खासकर उन लोगों के लिए होगी, जो पाइप के पानी से गाड़ी धोते हैं, पाइप से गार्डन में पानी देते हैं, गैलरी, बरामदा और सीढ़ियों को धोते हैं। उनके खिलाफ आर्थिक दंड लगाने के लिए बीएमसी पॉलिसी बनाएगी। यह जानकारी बीएमसी के अडिशनल कमिश्नर संजय बांगर ने दी है। उन्होंने कहा है कि मुंबई में पानी आपूर्ति करना हमेशा से बड़ी चुनौती रही है। ऐसे में जब झीलों में पानी का स्तर काफी नीचे चला गया है और मुंबईकर पानी कटौती का सामना कर रहे हैं। ऐसे में पानी की बर्बादी रोकने के लिए हमें पॉलिसी बनाने की जरूरत है। इसमें पानी बर्बाद करने वाले व्यक्ति पर आर्थिक दंड का प्रावधान होगा। बता दें कि पानी की किल्लत से जूझ रही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में पाइप से गाड़ी धोने पर आर्थिक दंड का प्रावधान किया गया है।

मुंबई को पानी आपूर्ति करने वाली झीलों में उनकी कुल क्षमता का 8 प्रतिशत से कम स्टॉक रह गया है। इससे बीएमसी प्रशासन की नींद उड़ी हुई है। झीलों में जलस्तर कम होने के कारण बीएमसी 30 मई से 4 जून तक 5 प्रतिशत और 5 जून से मुंबई में 10 प्रतिशत की पानी की कटौती होगी। बीएमसी ने राज्य सरकार द्वारा दिए गए रिजर्व कोटे के पानी का भी इस्तेमाल शुरू कर दिया है।

### मुंबईकर ऐसे करें पानी की बचत

बीएमसी अधिकारी ने कहा है कि लोगों को अपनी गाड़ियों को पाइप से नहीं धोना चाहिए। इससे काफी पानी बर्बाद होता है। वाहनों को धोने के लिए पाइप का उपयोग किए बिना बर्तन में पानी लेकर गीले कपड़े से वाहनों को साफ करें। पानी की छोटी छोटी बचत से संकट को कम किया जा सकता है। यदि नागरिक पानी की बचत करें, तो दंड लगाने की नौबत ही नहीं आएगी।

### क्या है बीएमसी के पास उपाय?

मुंबई में पानी आपूर्ति बीएमसी के लिए सबसे बड़ी चुनौती है, क्योंकि उसके पास आपूर्ति के सीमित स्रोत हैं। लेकिन बीएमसी आज तक उसका विकल्प नहीं तलाश पाई है। बीएमसी प्रशासन इस बात को मानता है कि जब तक पानी के नए स्रोत नहीं मिल जाएं, तब तक लीकेज और चोरी को रोककर समस्या का समाधान किया जा सकता है।

***Source :*** *https://navbharattimes.indiatimes.com/metro/mumbai/development/mumbai-water-cut-crisis-bmc-to-make-policy-against-wastage/articleshow/110649127.cms?utm_source=nextstory&utm_medium=widget&utm_campaign=story*

---

1 BMC = Brihanmumbai Municipal Corporation

2 मनपा = महानगर पालिका